

एक नजर में

## प्रकाश जोशी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मनोनीत



**सेंधवा।** शहर के प्रकाश दीपक जोशी को अखिल भारतीय औदीच्य महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत किया है। नियुक्ति के बाद समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सेंधवा नगर को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व मिलने पर महासभा का आभार व्यक्त किया। अभा औदीच्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण त्रिवेदी, राष्ट्रीय महामंत्री रवि ठक्कर की सहमति से युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन अवस्थी व महामंत्री पंकज जोशी ने प्रकाश जोशी मनोनीत किया। समाज सदस्यों ने इसे सेंधवा के लिए गौरव का विषय बताया। नियुक्ति पर सुधीर कुमार ठक्कर, गोपाल उपाध्याय, अरुण ठक्कर, राकेश दवे, उमेश जोशी, महेश मंडलोई, मधुकर भट्ट, अजय दवे, संजय ठक्कर, अजय ठक्कर, शेखर शर्मा, आलोक ठक्कर, विकास पंडित, प्रखर शर्मा, पंकज जोशी, पवन ठक्कर, प्रकाश ठक्कर, आशिष जोशी, राकेश ठक्कर, संजय व्यास, कुशल पंडित, शैलेंद्र जोशी, धीरज जोशी, चेतन जोशी व अन्य समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## प्रगणक रफीक खान को किया सम्मानित




**निवाली।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण मकानों की गणना के लिए नगर परिषद निवाली बुजुर्ग क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 एचएलबी क्रं. 13 हाजी कॉलोनी में प्रगणक रफीक खान द्वारा निकाय क्षेत्र में मकान सूचीकरण का कार्य सबसे पहले 100 प्रतिशत पूर्ण किया गया। कार्य पूर्ण किए जाने पर जनगणना अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद निवाली बुजुर्ग द्वारा पुष्प हार पहना कर स्वागत एवं उत्साहवर्धन किया गया।

## जब्त वाहनों की सार्वजनिक नीलामी 13 मई को

**बड़वानी।** अंजड़ थाना क्षेत्रांतर्गत धारा 25 पुलिस एक्ट के तहत जब्त 7 वाहनों के निस्तारण के लिए सार्वजनिक नीलामी का आयोजन 13 मई को दोपहर 12 बजे अंजड़ थाना परिसर में होगा। नीलामी में सम्मिलित वाहनों का अवलोकन इच्छुक व्यक्तियों द्वारा थाना अंजड़ परिसर में किया जा सकता है। नीलामी संबंधी शर्तें एवं आवेदन/फॉर्म कार्यालय थाना से कार्यालयीन दिनों में 7 से 12 मई तक 5 बजे तक लिए जा सकेंगे। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि एवं समय पर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। नीलामी की सभी कार्रवाई सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में पारदर्शी एवं विधिसम्मत तरीके से संपन्न की जाएगी। वाहनों का विक्रय जैसी स्थिति में हैं के आधार पर किया जाएगा तथा वाहन संबंधी समस्त वैधानिक देयताओं का वहन क्रेता द्वारा किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय थाना अंजड़ में सम्पर्क किया जा सकता है।

## पेटलावद थाने में मारपीट का आरोप एसपी से की निष्पक्ष जांच की मांग

**पेटलावद।** थाना क्षेत्र के ग्राम ठिकरिया निवासी दो युवकों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए पेटलावद पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में शिकायतकर्ताओं द्वारा पुलिस अधीक्षक झाबुआ को लिखित आवेदन सौंपा गया है। आवेदन के अनुसार ग्राम ठिकरिया निवासी जितेन्द्र पिता भीमा चारेल एवं पवन पिता वरसिंह चारेल ने बताया कि दोनों भाइयों के आपसी विवाद के चलते वे 1 मई 2026 को शिकायत लेकर पुलिस थाने पहुंचे थे। आरोप है कि शाम करीब 4 बजे पुलिसकर्मी उन्हें बस स्टैंड क्षेत्र से जबरन थाने ले गए, जहां थाना प्रभारी के निर्देश पर उनके साथ मारपीट की गई। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि थाने में उनके साथ बेल्ट, लात-घूंसों से मारपीट की गई, जिससे शरीर पर चोट के निशान आ गए। उन्होंने शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक के थाने के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने की मांग भी की है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि घटना के बाद परिजन उन्हें छुड़ाने पहुंचे तो कथित रूप से पुलिसकर्मियों द्वारा रिश्वत की मांग की गई। वहीं उपचार के लिए अस्पताल पहुंचने पर मेडिकल परीक्षण (एमएलसी) करने से भी मना कर दिया गया। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा संबंधित थाना प्रभारी एवं आरक्षकों को तत्काल हटाने की मांग की है।



## सेमसंग ने स्टार्टअप्स को किया आमंत्रित

**इंदौर.** सेमसंग आर एंड डी इंस्टीट्यूट, बेंगलुरु और सेमसंग आर एंड डी इंस्टीट्यूट, नोएडा ने सेमसंग मोबाइल एडवांस के 2026 संस्करण को लॉन्च करने की घोषणा की है. यह सेमसंग का प्रमुख वैश्विक स्टार्टअप इनक्यूबेशन और साझेदारी कार्यक्रम है, जिसका मुख्य उद्देश्य अगली पीढ़ी की मोबाइल तकनीकों को आगे बढ़ाना है. मोहन राव गोली, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीवीपी, सेमसंग आर एंड डी इंस्टीट्यूट इंडिया, बेंगलुरु ने कहा एसएमए ओपन इनोवेशन के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाता है, जो स्टार्टअप की सूझ-बूझ और सेमसंग की ग्लोबल आर एंड डी ताकत को एक साथ लाकर मोबाइल अनुभवों का भविष्य मिलकर बनाता है. हमारा लक्ष्य ऐसी लंबी अवधि की पार्टनरशिप बनाना है जो न केवल इनोवेशन को तेज़ करें, बल्कि बड़े विचारों को ग्लोबल स्तर पर असरदार समाधानों में भी बदलें. सेमसंग आर एंड डी इंस्टीट्यूट इंडिया, नोएडा के मैनेजिंग डायरेक्टर, क्यूंगयून रू ने कहा एसएमए के ज़रिए हम उन स्टार्टअप्स के साथ पार्टनरशिप करने पर फोकस करते हैं, जो मज़बूत कल्चरल और टेक्नोलॉजिकल तालमेल दिखाते हैं. हमारा मकसद बाहरी इनोवेशन के सबसे अच्छे पहलुओं को सेमसंग की आरएंडडी विशेषज्ञता के साथ मिलाकर मोबाइल अनुभवों का भविष्य संवारना है.

## इंदौर में ग्रीनलैम स्टूडियो का शुभारम्भ

**इंदौर.** मध्य भारत में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए, 120 से अधिक देशों में अपनी पहुंच रखने वाली इंटीग्रेटेड सब्सट्रेट और सरफेस सॉल्यूशंस के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज ने इंदौर में ग्रीनलैम स्टूडियो- देवादित्य ट्रेड एंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के उद्घाटन की घोषणा की है. है। इस स्टूडियो को खास तौर पर उत्पादों को दिखाने के लिए बनाया गया है. इसे एक एक्सपीरियंस सेंटर का रूप दिया गया है, ताकि यहाँ आने वाले आर्किटेक्ट, डिजाइनर, बिल्डर और आम ग्राहक सभी तरह के सरफेस डिजाइन को करीब से देख सकें और अपनी पसंद के अनुसार सही चुनाव कर सकें. इस शोरूम का उद्घाटन देवादित्य ट्रेड एंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक हेमंत नेगांधी और देव नेगांधी ने किया.

# रिश्वत ले रहे तीन डॉक्टर को लोकायुक्त टीम ने रंगेहाथ पकड़ा

**बड़वानी, (नवभारत)।** लोकायुक्त संगठन की इंदौर इकाई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जिले के राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के 3 डॉक्टरों को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी डॉक्टर मरीजों को निजी पैथोलॉजी लैब पर जांच के लिए भेजने के बदले कमीशन के रूप में मोटी रकम मांग रहे थे।

लोकायुक्त पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता अदनान अली निवासी टेमला मार्ग राजपुर अपने पिता की सेवा पैथोलॉजी लैब का संचालन करते हैं। उन्होंने लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में शिकायत दर्ज कराई थी कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर के डॉक्टर मरीजों को उनकी लैब पर जांच के लिए भेजने के एवज में कमीशन मांगते हैं। पहले यह कमीशन 20 प्रतिशत लिया जाता था, लेकिन पिछले महीने से आरोपियों ने आपसी मिलीभगत से इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था।



### प्रकरण दर्ज कर की जा रही है कार्रवाई

लोकायुक्त टीम ने आरोपी डॉ अमित शाक्य को 8, डॉ दिव्या साईं को 5 तथा डॉ मनोहर गोदारा को 12 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 की धारा 7 तथा बीएनएस 2023 की धारा 61(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

शिकायत में बताया कि लैब में आने वाले मरीजों की जांच राशि का आधा हिस्सा डॉक्टरों द्वारा रिश्वत के रूप में मांगा जा रहा था। आरोपी डॉ अमित शाक्य ने 18 हजार रुपए, डॉ दिव्या साईं ने 8 हजार रुपए और संविदा चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोहर गोदारा ने 21 हजार 800 रुपए की मांग की थी। बाद में बातचीत के दौरान आरोपी कम रकम लेने पर सहमत हुए।

शिकायत मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त इंदौर राजेश सहाय के निर्देशन में मामले का सत्यापन कराया। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर 7 मई को ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। तय रणनीति के तहत शिकायतकर्ता को रिश्वत की रकम देकर आरोपियों के पास भेजा।

### लोकायुक्त संगठन ने की अपील

ट्रैप कार्रवाई में डीएसपी सुनील तालान, कार्यवाहक निरीक्षक रेनू अग्रवाल, प्रधान आरक्षक प्रमोद यादव, विवेक मिश्रा सहित लोकायुक्त की विशेष टीम शामिल रही। लोकायुक्त संगठन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई शासकीय अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी सूचना तत्काल लोकायुक्त कार्यालय को दे, ताकि भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## प्रगणकों और सुपरवाइजरों का सम्मान

**सेंधवा, (नवभारत)।** नगर पालिका द्वारा जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य समय सीमा में पूर्ण किए जाने पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों और सुपरवाइजरों का सम्मान किया गया। नगर जनगणना अधिकारी मधु चौधरी ने कर्मचारियों की मेहनत, जिम्मेदारी और समर्पण की सराहना की।



नगर पालिका कार्यालय में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में नगर जनगणना अधिकारी एवं नगर चार्ज अधिकारी मधु चौधरी ने कहा कि जनगणना शासन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार होती है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों ने निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्धारित समय-सीमा में मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण कर प्रशासनिक कार्य को सुगम बनाया है।

मधु चौधरी ने कर्मचारियों को भविष्य में भी ईमानदारी और लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में प्रत्येक प्रगणक और सुपरवाइजर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है तथा सही आंकड़ों के संकलन में उनकी मेहनत का बड़ा योगदान रहता है।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणक सुरेश सोलंकी, ब्लॉक नंबर 30 सर्किल नंबर 6 के सुपरवाइजर प्रेमसिंह राजपूत, सविता सुल्या ब्लॉक नंबर 82 सर्किल नंबर 14 के सुपरवाइजर डॉ संजीव निकुम तथा प्रगणक संगीता परमार, ब्लॉक नंबर 28 सर्किल नंबर 6 के सुपरवाइजर प्रेमसिंह राजपूत का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में जनगणना शाखा प्रभारी किशोर गिरनार, जावेद शेख, अमित रावल, हेमंत सोनी, ऋषि वैष्णव सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मां नर्मदा पंचकोशी पदयात्रा 12 मई से

- सनातन संस्कृति संरक्षण का उद्देय, 16 को होगी यात्रा सम्पन्न

**बड़वानी, (नवभारत)।** शूलपाणेश्वर नर्मदा पंचकोशी पदयात्रा समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 5 दिवसीय नर्मदा पंचकोशी पदयात्रा का आयोजन 12 मई ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी से किया जाएगा। ये धार्मिक यात्रा 16 मई वट अमावस्या को संपन्न होगी। गुरु परंपरा के तहत इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य नर्मदा भक्तों के लिए सनातन धर्म एवं प्राचीन संस्कृति का संरक्षण करना है।

विभिन्न तीर्थ स्थलों के करेंगे दर्शन-समिति के सदस्य शंकर लाल यादव ने बताया कि पदयात्रा का आरंभ गुजरात में मां नर्मदा के पावन दक्षिण तट पर स्थित प्राचीन सूर्य मुखी हनुमान मंदिर, श्रीराम बाबा आश्रम वासला से होगा। यात्रा के पहले दिन श्रद्धालु नर्मदा पूजन, ओंकारेश्वर पूजन व आरती के बाद विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन करते हुए रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन से लेकर चौथे दिन तक यात्री निर्धारित मार्ग से आगे बढ़ते हुए अलग.अलग धार्मिक स्थलों एवं तीर्थों के दर्शन करेंगे। इस दौरान प्रत्येक दिन ध्वज पूजन, आरती, भजन-कीर्तन एवं प्रसादी की व्यवस्था रहेगी।

### समिति सदस्यों ने श्रद्धालुओं से की अपील

समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अनुशासन बनाए रखने एवं आवश्यक सामग्री साथ लाने का आग्रह किया है, ताकि यात्रा सुचारु रूप से संपन्न हो सके। नर्मदा भक्तों से इस पवित्र पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी होकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है।

16 मई को प्रारंभ स्थल पहुंचेगी यात्रा

पांचवें दिन 16 मई को यात्रा फिर प्रारंभ स्थल पर पहुंचकर नर्मदा पूजन, आरती एवं भंडारे के साथ विधिवत संपन्न होगी। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए चाय, नाश्ता एवं भोजन प्रसादी की व्यवस्था स्थानीय ग्रामों के नर्मदा भक्तों द्वारा की जाएगी। इस पूरी पदयात्रा के संयोजक किरण मोसी दवाना हैं।

# गुरु पादुका पूजन-अखंड कीर्तन के लिए तैयारियां जोरों पर

## सोलहवें वर्ष के आयोजन के लिए टीम गांवों तक जाकर दे रहे निमंत्रण

**पेटलावद। गुरु भक्तों से मिलकर पादुका पूजन और अखंड संकीर्तन के लिए निमंत्रण देने समिति के सदस्य पहुंचे गुजरात। जहां पर बड़ौदा के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नर्मदा के किनारे पर निवास करने वाले गुरूभक्तों को निमंत्रण दिया गया। जहां गुरूभक्तों के द्वारा भाव पूर्ण अतिथि सत्कार किया गया। इसे देख कर समिति के सदस्य भी भाव विभोर हुए। इस बार गुरूभक्तों को निमंत्रण देने के लिए एक ही स्थान पर सभी गुरूभक्तों को एकत्रित कर उन्हें निमंत्रण दिया गया। जहां पर रात्रि में भजन संध्या का आयोजन भी रखा गया।**

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री सरस्वती नंदन स्वामी भजनाश्रम पर लगातार 16वें वर्ष में श्री जी पादुका पुजन और तीन दिवसीय अखंड संकिर्तन का आयोजन दिनांक 22 मई से 26 मई तक किया जा रहा है। जिसके लिए निमंत्रण का दौर चल रहा है। इसी क्रम में समिति के सदस्यों का एक दल बडौदा सहित ग्रामीण क्षेत्र माणेजा, मारेठा, तलसठ, मकरपुरा, मांजरोल, खानपुरा, मंडावा, गराडी, पिसाई, साठोर, वडिया, कबीरपुरा, छिपापुरा, प्रयागपुरा, तलाठियापुरा और कराली क्षेत्र में भक्तों के घरों तक पहुंचकर उन्हें आयोजन के लिए निमंत्रीत किया। इस दरम्यान गुरूभक्तों ने निमंत्रण टोली का पुष्प वर्षा व देशी पेय पदार्थो से स्वागत किया।




### गुजरात के गुरुभक्त बोले : सेवा का यह सुनहरा अवसर...

गुजरात के भक्त मंडल के द्वारा तीन दिवसीय अखंड किर्तन में अपनी सर्वाधिक उपस्थिति दे कर आयोजन को सफल बनाया जाता है। गुजरात के गुरूभक्त मफत भाई का कहना है कि यह गुरूसेवा का अवसर हमें मिलता है। जिसका लाभ लेने के लिए हम हर वर्ष आतुर रहते है। गुरू के सभी कार्य वह स्वयं ही करवाते है। यात्रा संयोजक की मुख्य भूमिका।इसके साथ ही गुरूभक्तों को पेटलावद तक पहुंचाने के लिए मुख्य भूमिका निभाने वाले सत्यप्रकार जी परमार बडौदा वाले भी साथ में रहे। परमार सभी भक्तों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उन्हें बडौदा से पेटलावद तक भेजने के लिए भोजन व्यवस्था और टीकीट की सारी व्यवस्था स्वयं करते है। गुरूदेव के आर्शीवाद से परम सोभाग्य शाली स्थल थांदला नगर के वैकुंठ धाम पर पेटलावद आश्रम प्रभारी पं. अरविंद गोपाल भट्ट ने पहुंचकर गुरूदेव सहित वैकुंठ धाम आश्रम प्रभारी भूदेव जी आचार्य और पूरी समिति व थांदला बांसवाडा के गुरूभक्तों को निमंत्रण दिया। आयोजन को लेकर गुरुभक्त 22 मई को बामनिया रेलवे स्टेशन पर मेमू ट्रेन से पहुंचेंगे, जहां पर उनके लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश भट्ट के द्वारा की जाएगी। जिसके पश्चात उन्हें पेटलावद वाहन के द्वारा लाने की व्यवस्था समिति के उपाध्यक्ष मुकुट चौहान के द्वारा की जाती है। और यहां पर स्थानीय शंकर मंदिर पर उनका स्वागत कर शोभायात्रा के रूप में गुरूद्वारा मंदिर पर ले जाया जायेगा। इसके साथ ही निमंत्रण देने का क्रम सतत जारी है। जिसमें थांदला, झाबुआ, राणापुर, जोबट, खट्टाली, अलिराजपुर, महाराष्ट में वेज आश्रम,कुकर मुंडा, नंदुरबार, बासवाडा, रतलाम, इंदौर, बाग, खाचरोद उज्जैन सहित पेटलावद नगर व करडावद, टेमरिया, बामनिया, रायपुरिया आदि स्थानों पर भी गुरूभक्तों को निमंत्रण भेजा जा रहा है।

## बिना अनुमति जनगणना से गैरहाजिर रहने पर नोटिस

**आलीराजपुर।** नगर परिषद जोबट के चार्ज अधिकारी (जनगणना) द्वारा जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने पर एक प्रगणक को नोटिस जारी किया गया है। नगर परिषद जोबट से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनगणना 2027 के प्रथम चरण (गृह सूचीकरण) के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 02 (एएनएलओबी नंबर 03) में कार्य के लिए प्रगणक के रूप में नियुक्त श्री भेरूसिंह कनेश दिनांक 05 मई 2026 को निरीक्षण के दौरान अपने कार्य से अनुपस्थित पाए गए। बिना पूर्व अनुमति कार्य से अनुपस्थित रहना मध्यप्रदेश जनगणना अधिनियम के नियमों का उल्लंघन है। अनुपस्थिति के कारण सौंपे गए क्षेत्र में कार्य प्रगति भी प्रभावित हुई है, जहां केवल सीमित गृह सूचीकरण कार्य ही संपन्न हो सका। संबंधित चार्ज अधिकारी ने निर्देशित किया है कि वे तत्काल उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई हेतु प्रस्ताव जिला जनगणना कार्यालय को भेजा जाएगा।



## कलेक्टर माथुर ने किया कोषालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर द्वारा आज जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का विस्तृत निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण म.प्र. कोष संहिता 2020 भाग-02 के सहायक नियम 32 में वर्णित प्रावधानों के तहत किया गया।

नियमों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति (31 मार्च 2026) के पश्चात जिला अध्यक्ष द्वारा वर्ष में एक बार कोषालय के स्ट्रांग रूम में रखे मुद्रांकों एवं बहुमूल्यवान वस्तुओं के सीलबंद पैकेटों का विस्तृत निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया जाना अनिवार्य है। इसी क्रम में कलेक्टर नीतू माथुर ने कोषालय पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी अभिलेखों, दस्तावेजों एवं मुद्रांकों का गहनता से परीक्षण करते हुए भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान कोषालय अधिकारी श्री सोहन सिंह चोपड़ा सहित संबंधित स्टॉफ उपस्थित रहा।

# दिव्यांगजनों को मिलेंगे नि :शुल्क कैलिपर्स सहयोग गार्डन में लगेगा शिविर 11 तक

**आलीराजपुर। दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आलीराजपुर में 7 से 11 मई 2026 तक नि:शुल्क कृत्रिम अंग (कैलिपर्स) प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन सहयोग गार्डन में किया जा रहा है। शिविर में जरूरतमंद दिव्यांगजनों की जांच कर उन्हें पूरी तरह नि:शुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे।**

शिविर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों की जांच करेगी। चयनित मरीजों का मापन कर तीन दिनों के भीतर उसी स्थान पर कृत्रिम अंग तैयार कर लगाए जाएंगे। इस शिविर का आयोजन परमार निकेतन ऋषिकेश एवं महावीर सेवा सदन कोलकाता के सहयोग से किया जा रहा है। साथ ही भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी शाखा आलीराजपुर एवं टीम रक्तदूत द्वारा शिविर में सहयोग दिया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ कलेक्टर नीतू माथुर ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह शिविर उन दिव्यांगजनों के लिए बेहद उपयोगी है, जो दैनिक जीवन में दूसरों पर निर्भर रहते हैं। कृत्रिम अंगों के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य करने वाले निश्चित रूप से साधुवाद के पात्र हैं। कलेक्टर माथुर ने यह भी आश्वस्त किया कि प्रशासन की ओर से शिविर को पूरा सहयोग दिया जाएगा तथा गांव-गांव में पटवारियों के माध्यम से इसका प्रचार-प्रसार कराया जाएगा।उन्होंने शिविर में आए दिव्यांग जन से संवाद भी किया और उनका मनोबल बढ़ाया। साथ ही उन्होंने 8 मई विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रेड क्रॉस जैसी सामाजिक संस्थाओं को प्रशासन का पूरा सहयोग मिलेगा। आयोजकों ने अपील की है कि जिन दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग की आवश्यकता है, वे शिविर में पहुंचकर अपना पंजीयन कराएं और इस नि:शुल्क सेवा का लाभ लें। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों के जीवन को आसान बनाना और उनमें आत्मविश्वास का संचार करना है।

